केंद्रीय विद्यालय की स्नेहा और देवभूमि के आरूष ने बढ़ाया मान

शाह टाइम्स संवाददाता

श्रीनगर। सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) ने सोमवार को कक्षा दसवीं और बारहवीं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। परीक्षा परिणाम आने के बाद विद्यार्थियों, परिजनों और शिक्षकों में खुशी का माहौल है। नगर क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय की स्नेहा और देवभूमि पब्लिक स्कूल के आरूष ने 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया है। दोनों ही छात्रों ने श्रीनगर टॉप किया है।

केंद्रीय विद्यालय की सृष्टि ने 95.6 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। वहीं हाईस्कूल में शुभम देवरारी ने 99 प्रतिशत प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। स्नेहा ने 97 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जबकि कार्तिकेय ने 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य कीर्ती सक्सेना ने बताया कि विद्यालय का इंटरमीडिएट और हाईस्कूल परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। वहीं रेनबो पब्लिक स्कूल चौरास में सीबीएसई इंटर बोर्ड परीक्षा में कक्षा 12 वीं के साइंस ग्रुप में आर्यन नौटियाल ने 96 प्रतिशत, आयुषी ने 96 प्रतिशत, आइसा ने 95.4 प्रतिशत, मयंक ने 95.4 प्रतिशत, अमिता ने 93.8 प्रतिशत, सिद्धांत ने 93 प्रतिशत, प्रभात ने 92 प्रतिशत, प्रीती ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किये है। आर्टस ग्रुप में सिद्धी ने 95.2 प्रतिशत, रिया ने 94.2 प्रतिशत, रिधी ने 93.8 प्रतिशत, कॉमर्स में राहुल ने 93.8 प्रतिशत, नेहा ने 93.4 प्रतिशत, अक्षय ने 92.6 प्रतिशत, श्रृंखला किशोर ने 90.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नगर क्षेत्र में विद्यालय का मान बढ़ाया। वहीं शेम्फोर्ड स्कूल की कक्षा 10वीं में भार्गव डिमरी ने 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में टॉप किया। साथ ही स्नेहिल पांडे 94.2 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान व आयुष राजवंशी 92 प्रतिशत अंक के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। इंटरमीडिएट में विकास पैन्यूली ने 94.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। देवभूमि पब्लिक स्कूल में इंटरमीडिएट परीक्षा में आरूष ने 96.6 प्रतिशत अंक और अभिनव ने 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। हाईस्कूल में अमित रावत और ओम मेहरा ने 88.8 प्रतिशत अंक प्राप्त विद्यालय में संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया।